NotesCafe
TEACHING EXAMS

UP TGT सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) · UPESSC

Previous Year Question Paper

विगत वर्ष का प्रश्न पत्र

2016

SUBJECT

Hindi

हिन्दी

Question Paper Only | Hindi | 125 Questions

Hindi | हिन्दी · 2016

125 Questions · प्रश्न

1. निसिदिन बरसत नैन हमारे,
सदा रहत पावस ऋतु हम पर जब ते स्याम सिधारे ।
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?
(a) करुण रस (b) वियोग श्रृंगार रस
(c) शान्त रस (d) हास्य रस

2. 'जसोदा हरि पालनै झुलावै ।
हलरावै, दुलराय मल्हावै जाई-सोई कछु गावै ।'
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?
(a) अद्‌भुत रस (b) वात्सल्य रस
(c) रौद्र रस (d) भयानक रस

3. इनमें से किस बोली का "बिहारी हिन्दी" से संबंध नहीं है ?
(a) अवधी (b) मगही
(c) भोजपुरी (d) मैथिली

4. 'मगही' किस प्रदेश की बोली है ?
(a) मध्य प्रदेश (b) बिहार
(c) राजस्थान (d) छत्तीसगढ

5. सिंधी भाषा का विकास अपभ्रंश की किस बोली से माना गया है ?
(a) ब्राचड़ (b) पैशाच
(c) मागधी (d) अर्धमागधी

6. "हिन्दु मग पर पांव न राखेउ॥
का बहुतैं जो हिन्दी भाखेउ॥"
ये काव्य पंक्तियाँ किस बोली में हैं ?
(a) ब्रज (b) भोजपुरी
(c) अवधी (d) बुंदेली

7. इनमें से कौन-सा पश्च स्वर है ?
(a) आ (b) इ
(c) ई (d) अ

8. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'देशज' है ?
(a) खिड़की (b) मित्र
(c) कालीन (d) रेल

9. निम्नलिखित में से कौन तालव्य ध्वनि है ?
(a) च (b) प
(c) ल (d) ह

10. इसमें से कौन-सी लिपि नहीं है ?
(a) अरबी (b) गुरुमुखी
(c) देवनागरी (d) अंग्रेजी

11. 'छ' ध्वनि का उच्चारण स्थान है:-
(a) दन्त्य (b) ओष्ठ्य
(c) तालव्य (d) वर्त्स्य

12. 'उसके प्राण सूख गए ।' इस वाक्य में 'प्राण' का वचन निर्धारित कीजिए ।
(a) एकवचन (b) बहुवचन
(c) द्विवचन (d) इनमें से कोई नहीं

13. 'सज्जन' का संधि- विच्छेद क्या होगा ?
(a) सद् + जन (b) सत् + जन
(c) सत् + जान (d) सज् + जन

14. 'ऋणमुक्त' शब्द में कौन-सा समास है ?
(a) संबंध तत्पुरुष (b) संप्रदान तत्पुरुष
(c) अधिकरण तत्पुरुष (d) अपादान तत्पुरुष

15. इनमें एक 'मोक्ष' का पर्यायवाची शब्द है -
(a) निर्वाण (b) दशा
(c) गति (d) चाल

16. 'चर्म' शब्द का समभिन्नार्थक क्या है ?
(a) चरम (b) चमड़ा
(c) चित्र (d) अंतिम

17. 'खाक में मिलाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?
(a) सब तोड़ देना (b) कीचड़ में मिला देना
(c) नष्ट कर देना (d) हानि पहुँचाना

18. इनमें से कौन-सी कालिदास की दूसरी रचना है
(a) रघुवंशम् (b) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(c) दशरूपक (d) प्रतिमानाटकम्

19. 'मालतीमाधव' किसकी रचना है ?
(a) भट्टगोपाल (b) भवभूति
(c) श्रीहर्ष (d) दण्डी

NotesCafe Teaching Exams

20. 'दशकुमारचरित' किसकी रचना है ?
(a) कालिदास (b) दण्डी
(c) भवभूति (d) तुलसीदास

21. 'रामू घर से निकला ।' इस वाक्य में 'घर से' में कौन-सा कारक है ?
(a) करण (b) अपादान
(c) कर्ता (d) संप्रदान

22. 'गठरी' शब्द है
(a) स्त्रीलिंग (b) पुल्लिंग
(c) विधिलिग (d) नपुंसकलिंग

23. 'अत्याचार' शब्द में कौन-सी संधि है ?
(a) दीर्घ (b) यण्
(c) गुण (d) वृद्धि

24. 'उत्तर-दक्षिण' में कौन-सा समास है ?
(a) बहुव्रीहि (b) द्वंद्व
(c) अव्ययीभाव (d) द्विगु

25. 'राम : रावणं ममार ।' में कौन-सा लकार है ?
(a) लिट् लकार (b) लङ् लकार
(c) लृट लकार (d) लट् लकार

26. 'मतिः' शब्द रूप में कौन-सी विभक्ति है ?
(a) प्रथमा (b) सप्तमी
(c) तृतीया (d) चतुर्थी

27. 'इदं रमेशस्य पुस्तकम् अस्ति ।' का हिन्दी अनुवाद कीजिए ।
(a) यह रमेश की पुस्तक है ।
(b) वह रमेश की पुस्तक है ।
(c) ये रमेश की पुस्तक होगी ।
(d) वो रमेश की पुस्तक होगी ।

28. 'बालिका गच्छन्ती अस्ति ।' का हिन्दी अनुवाद है
(a) बालिका जादगी । (b) बालिका जाती होगी ।
(c) बालिका जा रही थी । (d) बालिका जा रही है ।

29. सूफी साधन के चार पड़ावों में इनमें से कौन-सा नहीं है ?
(a) शरीअत (b) तरीकत
(c) मलकत (d) मारिफत

30. 'कुआनो नदी' इनमें से किस कवि की कृति है ?
(a) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (b) शमशेरबहादुर सिंह
(c) कुँवर नारायण (d) कीर्ति चौधरी

31. नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक इनमें कौन थे ?
(a) गोरखनाथ (b) महानाथ
(c) चर्पटनाथ (d) नेमिनाथ

32. महापुराण के रचनाकार कौन है ?
(a) अब्दुर्रहमान (b) पुष्पदन्त
(c) धनपाल (d) स्वयंभू

33. 'रसमंजरी' किस कवि की कृति है ?
(a) केशवदास (b) भूषण
(c) नंददास (d) छीतस्वामी

34. मृगावती के रचनाकार हैं-
(a) मंझन (b) आलम
(c) कुतुबन (d) मुल्ला दाऊद

35. भ्रमरगीत का उपजीव्य ग्रंथ कौन-सा है ?
(a) श्रीमद्भागवत महापुराण (b) विष्णु पुराण
(c) हरिवंश पुराण (d) शिवपुराण

36. विनयपत्रिका की रचना किस भाषा में हुई है ?
(a) अवधी (b) ब्रजभाषा
(c) मैथिली (d) हिन्दी

37. इनमें से कौन संत कवि नहीं है ?
(a) कबीरदास (b) तुलसीदास
(c) सुन्दरदास (d) मलूकदास

38. 'राघव चेतन' इनमें से किस सूफी काव्य का पात्र है ?
(a) मधुमालती (b) मृगावती
(c) पद्मावत (d) चंदायन

39. कुतुबन द्वारा रचित ग्रंथ का नाम है-
(a) मृगावती (b) मधुमालती
(c) हंस जवहिर (d) चंदायन

40. रामभक्ति शाखा में रसिकोपासना का समावेश किसने किया ?
(a) केशवदास (b) अग्रदास
(c) लालदास (d) नाभादास

41. 'मदनाष्टक' के रचयिता का नाम क्या है ?
(a) केशवदास (b) रसखान
(c) रहीम (d) नरोत्तमदास

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

42. केशवदास को किस वर्ग में रखना समीचीन है ?
(a) रीतिबद्ध कवि (b) रीतिमुक्त कवि
(c) रीतिसिद्ध कवि (d) स्वच्छंदतावादी कवि

43. शिवा बावनी के रचयिता का नाम है -
(a) जसवंत सिंह (b) केशव
(c) भूषण (d) पद्माकर

44. भारतेंदु युग का एक अन्य नाम है
(a) प्रगति प्रयोग काल (b) जागरण सुधार काल
(c) पुनर्जागरण काल (d) नव सामंत काल

45. इनमें से भारतेन्दु युगीन लेखक कौन है ?
(a) पं. प्रतापनारायण मिश्र (b) हरिऔध
(c) विद्यानिवास मिश्र (d) रायकृष्णदास

46. 'तारसप्तक' का प्रकाशन किस सन में हुआ ?
(a) 1930 ई. (b) 1940 ई.
(c) 1935 ई. (d) 1943 ई.

47. इनमें से कौन-सा उपन्यास यशपाल का नहीं है ?
(a) दादा कामरेड (b) कब तक पुकारूँ
(c) दिव्या (d) झूठा सच

48. तीसरा सप्तक कब प्रकाशित हुआ ?
(a) 1960 ई. (b) 1959 ई.
(c) 1951 ई. (d) 1970 ई.

49. 'पुष्प की अभिलाषा' नामक प्रसिद्ध कविता के रचयिता कौन हैं ?
(a) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (b) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) रामनरेश त्रिपाठी

50. आधुनिक मीरा किसे कहा जाता है ?
(a) सुभद्रा कुमारी चौहान (b) मन्नू भण्डारी
(c) महादेवी वर्मा (d) उषा प्रियंवदा

51. 'प्रकृति का सुकुमार राजकुमार' किसे कहा जाता है ?
(a) प्रसाद (b) पंत
(c) निराला (d) बच्चन

52. हिन्दी खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य कौन-सा है ?
(a) साकेत (b) सामधेनी
(c) हल्दीघाटी (d) प्रियप्रवास

53. 'कलम का सिपाही ' का लेखक कौन है ?
(a) प्रेमचंद (b) अमृतराय
(c) रामविलास शर्मा (d) शिवरानी देवी

54. 'मुझे चांद चाहिए' किस विधा की कृति है ?
(a) कविता (b) नाटक
(c) कहानी (d) उपन्यास

55. 'सारा आकाश' किसकी कृति है ?
(a) मन्नू भंडारी (b) राजेंद्र यादव
(c) कमलेश्वर (d) अज्ञेय

56. 'संशय की एक रात' किस कवि की कृति है ?
(a) अज्ञेय (b) नरेन्द्र शर्मा
(c) नरेश मेहता (d) केसरी कुमार

57. 'आषाढ का एक दिन' नामक नाटक के रचयिता हैं
(a) जयशंकर प्रसाद (b) सुरेन्द्र वर्मा
(c) लक्ष्मीनारायण मिश्र (d) मोहन राकेश

58. 'कवित्त रत्नाकर' के रचयिता हैं
(a) जगन्नाथदास रत्नाकर (b) सेनापति
(c) मतिराम (d) बोधा

59. इनमें से कौन-सा जोड़ा सही है ?
(a) श्री संप्रदाय - मध्वाचार्य
(b) रूद्र संप्रदाय - विष्णु स्वामी
(c) सनकादि संप्रदाय - श्री हितजी
(d) राधा वल्लभ संप्रदाय - निम्बार्काचार्य

60. 500 ई. से 1100 ई. तक के संस्कृत काव्यशास्त्र को कहा जाता है ?
(a) प्रवर्तन काल (b) प्रतिपादन काल
(c) व्याख्या काल (d) भाष्य काल

61. 'निर्धन के धन-सी तुम आई ।' में कौन-सा अलंकार है ?
(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) अनुप्रास

62. 'रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून ।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून ।'
इन पंक्तियों में किस छंद का प्रयोग हुआ है ?
(a) दोहा (b) गीतिका
(c) चौपाई (d) कवित्त

NotesCafe Teaching Exams

63. "करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस देश की हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की" इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है ?
(a) दोहा (b) चौपाई
(c) उल्लाला (d) गीतिका

64. "कहा-कैकेयी ने सक्रोध
दूर-हट ! दूर अरी निर्बोध ।"
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?
(a) वात्सल्य रस (b) वीभत्स रस
(c) हास्य रस (d) रौद्र रस

65. 'पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो ।
वस्तु अमोलक दी मेरे सद्गुरु किरपा करि अपनाओ ।'
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है ?
(a) वीर रस (b) करुण रस
(c) भक्ति रस (d) रौद्र रस

66. ब्रजभाषा का विकास इनमें किस प्राकृत/अपभ्रंश से हुआ ?
(a) मागधी (b) पैशाची
(c) शौरसेनी (d) अर्धमागधी

67. आगरा किस बोली का क्षेत्र है ?
(a) अवधी (b) खड़ीबोली
(c) ब्रज भाषा (d) छत्तीसगढ़ी

68. इनमें से कौन-सी ध्वनि संयुक्त व्यंजन है ?
(a) क्य (b) च्च
(c) ट (d) क्ष

69. इनमें से कौन-सा युग्म अघोष ध्वनि है ?
(a) ग, घ (b) ड, ढ
(c) प, फ (d) द, ध

70. मुंडा भाषा परिवार का क्षेत्र कौन-सा है ?
(a) राजस्थान (b) मध्यप्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) छोटा नागपुर

71. निम्नलिखित में से 'नीलकंठ' कौन-सा शब्द है ?
(a) रूढ़ (b) यौगिक
(c) योगरूढ़ (d) इनमें से कोई नहीं

72. निम्नलिखित में से कौन महाप्राण नहीं है ?
(a) ख (b) ठ
(c) झ (d) ट

73. हिन्दी की राजभाषा के रूप में संवैधानिक मान्यता कब मिली ?
(a) 26 जनवरी 1950 (b) 14 सितम्बर 1949
(c) 15 अगस्त 1947 (d) 14 सितंबर 1955

74. 'अशोक ने पत्र पढ़ा ।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है ?
(a) कर्ता (b) अधिकरण
(c) कर्म (d) करण

75. इनमें से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है ?
(a) डिबिया (b) दात्री
(c) खटमल (d) जीभ

76. 'चंद्रमुख' में कौन-सा समास है ?
(a) द्विगु (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

77. 'मैं आदर सहित नमस्कार करता हूँ ।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा ?
(a) मैं नमस्कार आदर सहित करता हूँ ।
(b) सादर मैं प्रणाम करता हूँ ।
(c) मैं आदर पूर्ण नमस्कार करता हूँ ।
(d) मैं सादर नमस्कार करता हूँ ।

78. 'हर्ष' शब्द का विलोम क्या है ?
(a) विषाद (b) प्रहर्ष
(c) ख़ुशी (d) नीरव

79. 'जो समाचार भेजता हो' के लिए एक शब्द क्या होगा ?
(a) संवाददाता (b) सूचक
(c) प्रेषक (d) दूत

80. 'एक तो दोष था ही उस पर दूसरा दोष लग जाना' की सही कहावत होगी
(a) अधजल गगरी छलकत जाए
(b) हाथ कंगन को आरसी क्या
(c) एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा
(d) छोटा मुँह बड़ी बात

81. 'नैषधीयचरित्' किसकी रचना है ?
(a) भास (b) कालिदास
(c) श्रीहर्ष (d) भारवि

NotesCafe Teaching Exams

82. इनमें से कौन-सी रचना माघ की है ?
(a) किरातार्जुनीय (b) मेघदूत
(c) दशकुमारचरितम् (d) शिशुपालवध

83. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ है
(a) थोड़ा काम करना (b) बहुत ज्यादा कहना
(c) थोड़े में बहुत कहना (d) ज्यादा में थोड़ा कहना

84. 'कविता' का बहुवचन क्या है ?
(a) कवीताएँ (b) कविताएँ
(c) कविताइयाँ (d) कविताए

85. 'जीवैषणा' का सही संधि-विच्छेद कीजिए ।
(a) जीव + ऐषणा (b) जीव + एषणा
(c) जीवै + षणा (d) जीव + ऐषणा

86. 'प्रेमातुर' शब्द में इनमें कौन-सा समास है ?
(a) द्विगु (b) अव्ययीभाव
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

87. 'स : हस्तेन खादति ।' में कौन-सा कारक है ?
(a) कर्त्ता (b) संबंध
(c) कर्म (d) करण

88. 'कविता का मर्म' में कौन-कौन सी विभक्ति है ?
(a) षष्ठी (b) प्रथमा
(c) तृतीया (d) सप्तमी

89. 'रामकृष्णौ' में कौन-सा समास है ?
(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व समास
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

90. 'सज्जनः पापाद् जुगुप्सते' का हिन्दी अनुवाद कीजिए ।
(a) सज्जन पाप से घृणा करता है ।
(b) सज्जन पाप करेगा ।
(c) सज्जन पाप से घृणा करेगा ।
(d) सज्जन घृणा से पाप करता था ।

91. 'रामेण सह सीता वनं गच्छति ।' का हिन्दी अनुवाद है
(a) राम के साथ सीता वन गई थी ।
(b) राम के साथ सीता वन जाती होगी ।
(c) राम के साथ सीता वन जाती है ।
(d) राम के साथ सीता वन जाएगी ।

92. 'सुबह, दोपहर, शाम' किस प्रसिद्ध उपन्यासकार की रचना है ?
(a) प्रेमचंद (b) वृन्दावनलाल वर्मा
(c) उपेंद्रनाथ 'अश्क' (d) कमलेश्वर

93. राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी का पहला कवि किसे माना है ?
(a) लुईपा (b) शबरपा
(c) सरहपा (d) चंदबरदाई

94. किस इतिहास लेखक ने अपने इतिहास-ग्रंथ में लगभग 5000 कवियों का विवरण दिया है ?
(a) मिश्रबंधु (b) शिवसिंह सेंगर
(c) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (d) सर जार्ज ग्रियर्सन

95. गौड़ीय सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य थे-
(a) वल्लभाचार्य (b) मध्वाचार्य
(c) चैतन्य महाप्रभु (d) स्वामी हरिदास

96. अष्टछाप में कवियों की संख्या कितनी थी ?
(a) 10 (b) 8
(c) 12 (d) 15

97. सूफी कवि नूर मुहम्मद की रचना का नाम है
(a) मधुमालती (b) अनुराग बाँसुरी
(c) चन्द्रावती (d) इन्द्रावती

98. संत कवि गुरुनानक देव का जन्म कहाँ हुआ था ?
(a) अमृतसर (b) तलवंडी
(c) नादेड़ (d) ननकाना

99. श्रृंगार और वात्सल्य रस का सम्राट किस कवि को कहा जाता है ?
(a) तुलसीदास (b) सूरदास
(c) नंददास (d) कृष्णदास

100. भक्ति का प्रारंभ कहाँ से हुआ ?
(a) पूर्वी भारत (b) दक्षिण भारत
(c) पश्चिमी भारत (d) उत्तरी भारत

101. 'ज्ञानदीप' के रचयिता का नाम है-
(a) मंझन (b) कुतुबन
(c) उसमान (d) शेख नबी

102. सूरदास के दृष्टकूट पद किस काव्य-ग्रंथ में संकलित हैं ?
(a) सूरसागर (b) साहित्य लहरी
(c) सूर सारावली (d) इनमें से कोई नहीं

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

103. इनमें से कौन-सी कृति केशवदास की नहीं है ?
(a) रामचंद्रिका (b) रसिकप्रिया
(c) अनेकार्थमंजरी (d) विज्ञान गीता

104. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने रीतिकाल का समय माना है
(a) 1600 - 1800 वि. (b) 1700 - 1900 वि.
(c) 1500 - 1750 वि. (d) 1600 - 1850 वि.

105. रीतिकाल में किस रस की प्रधानता काव्य में रही है ?
(a) श्रृंगार (b) भक्ति
(c) शान्त (d) रौद्र

106. इनमें से रीतिकाल का कौन-सा कवि अपने प्रकृति-चित्रण के लिए विख्यात है ?
(a) घनानंद (b) मतिराम
(c) सेनापति (d) ग्वाल

107. 'ब्राह्मण' पत्र के संस्थापक-संपादक का नाम है-
(a) भारतेन्दु (b) प्रतापनारायण मिश्र
(c) बालकृष्ण भट्ट (d) मदनमोहन मालवीय

108. इनमें छायावादी कवि कौन नहीं है ?
(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(b) सुमित्रानंदन पंत
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) शिवमंगल सिंह सुमन

109. 'कुरु कुरु स्वाहा' उपन्यास के लेखक इनमें से कौन हैं ?
(a) उषा प्रियंवदा (b) धर्मवीर भारती
(c) राही मासूम रजा (d) मनोहर श्याम जोशी

110. 'आवारा मसीहा' के लेखक हैं-
(a) अमृतराय (b) विष्णु प्रभाकर
(c) रामविलास शर्मा (d) मोहन राकेश

111. कामायनी में कुल कितने सर्ग हैं ?
(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 15

112. 'रत्नाकर' कृत 'उद्धव शतक' किस भाषा में लिखा गया काव्य ग्रंथ है ?
(a) अवधी (b) ब्रजभाषा
(c) खड़ीबोली (d) अपभ्रंश

113. इनमें से किस नाटक में नारी के पुनर्लग्न की समस्या उठाई गई है ?
(a) स्कंदगुप्त (b) ध्रुवस्वामिनी
(c) अजातशत्रु (d) चन्द्रगुप्त

114. इनमें से किसने सर्वाधिक ऐतिहासिक नाटक लिखे हैं ?
(a) मोहन राकेश (b) जयशंकर प्रसाद
(c) लक्ष्मीनारायण लाल (d) सुरेन्द्र वर्मा

115. सन् 1975 के बाद की कविता को इनमें से क्या नाम दिया गया ?
(a) नयी कविता (b) समकालीन कविता
(c) अकविता (d) नवगीत

116. 'राग दरबारी' नामक उपन्यास के लेखक हैं
(a) निर्मल वर्मा (b) नरेश मेहता
(c) विवेकी राय (d) श्रीलाल शुक्ल

117. 'सचेतन कहानी' का प्रवर्तक इनमें से कौन है ?
(a) जैनेन्द्र (b) महीप सिंह
(c) कमलेश्वर (d) निर्मल वर्मा

118. इनमें से कौन-सी कृति अज्ञेय की है ?
(a) संसद से सड़क तक (b) मछली घर
(c) हरी घास पर क्षण भर (d) साये में धूप

119. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' कृत काव्य इनमें से कौन है ?
(a) रेणुका (b) हम विषपायी जनम के
(c) हिमकिरीटिनी (d) मिलन

120. 'आठवाँ सर्ग' किस विधा की पुस्तक है ?
(a) उपन्यास (b) नाटक
(c) आत्मकथा (d) काव्य संकलन

121. इनमें से कौन-सा जोड़ा सही है ?
(a) चिंतामणि - काव्य (b) मतिराम - रस
(c) भूषण - अंगद (d) रसलीन - शिवा

122. मैला आँचल के लेखक हैं
(a) फणीश्वरनाथ 'रेणु' (b) नागार्जुन
(c) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' (d) मोहन राकेश

123. 'कहती हुई यों उत्तरा के, नेत्र जल से भर गए । हिम के कणों से पूर्ण मानो, हो गए पंकज नए ।'
इन पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ?
(a) उत्प्रेक्षा (b) रूपक
(c) यमक (d) उपमा

NotesCafe Teaching Exams

124. 'चरण कमल बंदौ हरिराई ।' में कौन-सा अलंकार है ?

(a) उत्प्रेक्षा (b) अनुप्रास
(c) रूपक (d) उपमा

125. रघुकुल रीति सदा चलि आई ।
प्राण जाई पर बचन न जाई ।
इन पंक्तियों में किस छंद का प्रयोग हुआ ।

(a) उल्लाला (b) चौपाई
(c) सोरठा (d) दोहा

NotesCafe Teaching Exams

About This Paper | इस प्रश्न पत्र के बारे में

What is this PDF? The UP TGT Hindi 2016 previous year question paper of the Uttar Pradesh Secondary Education Service Selection Board (UPSESSB, now UPESSC) for Assistant Teacher (Trained Graduate Teacher, TGT), without answers or explanations.

What does it cover? 125 questions in Hindi.

यह PDF क्या है? उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (UPSESSB, अब UPESSC) की यूपी टीजीटी (सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक) हिन्दी 2016 परीक्षा का विगत वर्ष का प्रश्न पत्र, बिना उत्तर और व्याख्या के।

इसमें क्या है? 125 प्रश्न (हिन्दी)।

For detailed explanations, sign up on NotesCafe · www.notes-cafe.com
विस्तृत व्याख्या के लिए NotesCafe पर साइन अप करें · www.notes-cafe.com

Disclaimer · अस्वीकरण

This question paper has been compiled, typeset and translated by NotesCafe for self-study. The compilation, layout and translation are protected by copyright and are the property of NotesCafe Teaching Exams; they may not be copied, sold, shared or redistributed without written permission. The original questions belong to the examining body. NotesCafe is not affiliated with UPESSC or UPSESSB, and the official question paper prevails. Every effort has been made to reproduce the questions accurately, but some errors may remain; please verify against the official paper and report mistakes at support@notes-cafe.com.

यह प्रश्न पत्र NotesCafe द्वारा स्व-अध्ययन हेतु संकलित, टंकित एवं अनूदित है। संकलन, प्रारूप एवं अनुवाद कॉपीराइट से सुरक्षित हैं और NotesCafe Teaching Exams की सम्पत्ति हैं; लिखित अनुमति के बिना इनकी प्रतिलिपि, विक्रय, साझाकरण या पुनर्वितरण वर्जित है। मूल प्रश्न परीक्षा संस्था के हैं। NotesCafe का UPESSC या UPSESSB से कोई संबंध नहीं है, और आधिकारिक प्रश्न पत्र ही मान्य होगा। प्रश्नों को सही रूप में देने का पूरा प्रयास किया गया है, फिर भी त्रुटियाँ संभव हैं; कृपया आधिकारिक प्रश्न पत्र से मिलान करें और त्रुटि की सूचना support@notes-cafe.com पर दें।